10

पत्रांक–2/नियुक्ति–06/2021–

बिहार सरकार

स्वास्थ्य विभाग

प्रेषक,

राजीव रंजन,
सरकार के अवर सचिव।

सेवा में,

सचिव,
बिहार तकनीकी सेवा आयोग,
19, हार्डिंग रोड, पटना।

पटना, दिनांक / /2026

**विषय : विज्ञापन संख्या–09/2025 एवं 10/2025 द्वारा अनुशंसित अभ्यर्थी डा० अंजली अंजली, डा० अंकिता अंकिता एवं डा० पूजा कुमारी पूजा के नाम में सुधार करने हेतु मंतव्य/सहमति देने के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि विज्ञापन संख्या–09/2025 एवं 10/2025 के विरूद्ध आयोग से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में विभागीय अधिसूचना सख्या–249(2) दिनांक–06.02.2026 एवं विभागीय अधिसूचना संख्या–250(2), दिनांक–06.02.2026 द्वारा विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी (जेनरल सर्जन) एवं विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी (स्त्री रोग) के पद पर अनुशंसित अभ्यर्थियो का नियुक्ति–सह–पदस्थापन किया गया था। वर्त्तमान में डा० अंजली अंजली, सीनियर रेजिडेन्ट (स्त्री रोग), पटना चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, पटना, डा० अंकिता अंकिता, सीनियर रेजिडेन्ट (स्त्री रोग), पटना चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, पटना एवं पूजा कुमारी पूजा, विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी (जेनरल सर्जन), सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बोधगया, गया द्वारा नियुक्ति–सह–पदस्थापन संबंधी अधिसूचना में अंकित अपने नाम में सुधार करने का अनुरोध किया गया है। डा० अजली, डा० अंकिता एवं डा० पूजा कुमारी से प्राप्त आवेदनों के अवलोकन के क्रम में पाया गया कि आयोग से प्राप्त अनुशंसा में हीं नाम से संबंधित गलत सूचना अंकित रहने के कारण डा० अंजली, डा० अंकिता एवं डा० पूजा कुमारी के नियुक्ति–सह–पदस्थापन संबंधी अधिसूचना में भी गलत सूचना अंकित हो गया है। अतः डा० अंजली, डा० अंकिता एवं डा० पूजा कुमारी के नाम में सुधार करने से पूर्व आयोग के मंतव्य/सहमति की आवश्यकता है। तद्नुसार आयोग से मंतव्य/सहमति प्राप्त करने संबंधी बिन्दुओं का विवरण निम्नवत् है :–

| **क्र० सं०** | **विज्ञापन संख्या** | **अभ्यर्थी का नाम एवं आवेदन संख्या** | **संशोधन से संबंधित मामला एवं आयोग से वांछित मंतव्य/सहमति का बिन्दु** |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| (i) | 10/2025 | डा० अंजली अंजली OB0002373 | आयोग से प्राप्त अनुशंसा में डा० अंजली का नाम अंजली अंजली अंकित है। जबकि उनके द्वारा ऑनलाईन माध्यम से भरे गए आवेदन पत्र में नाम अंजली अंकित है।<br>उल्लेखनीय है कि डा० अंजली द्वारा अपना नाम सुधार कर "**डा० अंजली अंजली**" के स्थान पर **डा० अंजली** करने का अनुरोध किया गया है। अतः उक्त संबंध में स्थिति स्पष्ट करने की कृपा की जाए। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| (ii) | 10/2025 | डा० अंकिता अंकिता OB0002232 | आयोग से प्राप्त अनुशंसा में डा० अंकिता का नाम अंकिता अंकिता अंकित है। जबकि उनके द्वारा ऑनलाईन माध्यम से भरे गए आवेदन पत्र मे नाम अंकिता अंकित है। उल्लेखनीय है कि डा० अंकिता द्वारा अपना नाम सुधार कर **"डा० अंकिता अंकिता"** के स्थान पर **डा० अंकिता** करने का अनुरोध किया गया है। अतः उक्त संबंध में स्थिति स्पष्ट करने की कृपा की जाए। |
| (iii) | 09/2025 | डा० पूजा कुमारी GS0002334 | आयोग से प्राप्त अनुशंसा में डा० पूजा कुमारी का नाम डा० पूजा कुमारी पूजा अंकित है। जबकि उनके द्वारा ऑनलाईन माध्यम से भरे गए आवेदन पत्र में नाम पूजा कुमारी अकित है। उल्लेखनीय है कि डा० पूजा कुमारी द्वारा अपना नाम सुधार कर **"डा० पूजा कुमारी पूजा"** के स्थान पर **डा० पूजा कुमारी** करने का अनुरोध किया गया है। अतः उक्त संबंध में स्थिति स्पष्ट करने की कृपा की जाए। |

2. यह भी उल्लेखनीय है कि विभागीय पत्रांक–806(2), दिनांक–21.06.2022 (छायाप्रति संलग्न) द्वारा डा० आशतुतोश कुमार के नाम मे संशोधन करने एवं विभागीय पत्रांक–656 (2), दिनांक–02.04.2026 (छायाप्रति संलग्न) द्वारा डा० ज्ञानेन्द्र कुमार के जन्म तिथि में संशोधन करने सहित कुल–02 मामले के संबंध में बिहार तकनीकी सेवा आयोग, पटना से वांछित मंतव्य/सहमति की मांग की गयी थी जो अब तक अप्राप्त है।

3. अतः अनुरोध है कि कंडिका–1 में अंकित सारणी के स्तम्भ–4 तथा उपर्युक्त कंडिका–2 में अंकित बिन्दुओं के संबंध में आयोग के मतव्य/सहमति से विभाग को अविलम्ब अवगत कराने की कृपा की जाए ताकि उपर्युक्त चिकित्सकों के जन्म तिथि एवं नाम में सुधार करने के संबंध मे अग्रेतर कार्रवाई की जा सके।

4. कृपया इसे अत्यावश्यक समझा जाए।

**विश्वासभाजन**
**ह०/–**
**(राजीव रंजन)**
**सरकार के अवर सचिव**

**ज्ञापांक–2/ नियुक्ति–06/2021** 1802(2) **पटना, दिनांक** 29/7/**2026**

**प्रतिलिपि** : संबंधित विशेषज्ञ/सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि** : आई०टी० मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर प्रकाशित करने हेतु प्रेषित।

28/07/2026

**सरकार के अवर सचिव।**